# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- फ्लाईबिग के सीएमडी संजय मंडाविया ने कहा कि कार निकोबार और कैम्पबेल बे हवाई अड्डे से पहली सीप्लेन उड़ानें संचालित की जाएंगी।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई है।
- देश भर के साथ द्वीपसमूह में भी आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में मिलाद–उन–नबी सत्रह सितम्बर को मनाई जाएगी।
- समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर शैक्षिक अंचल के विभिन्न विद्यालयों के स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत सी–प्लेन संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए थे। दिशा–निर्देशों में ढील दिए जाने के बाद, क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाईबिग अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में सेवाएं शुरू करने की योजना बना रही है। फ्लाईबिग के सीएमडी संजय मंडाविया ने कहा कि कार निकोबार और कैम्पबेल बे हवाई अड्डे से पहली सीप्लेन उड़ानें संचालित होंगी। क्षेत्रीय एयरलाइन इन मार्गों पर डी हैविलैंड कनाडा ट्विन ओटर सी–प्लेन तैनात करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना इस वर्ष के अंत तक

या अगले वर्ष की शुरुआत में संभवतः शुरू हो जाएगा। एयरलाइन का पहला ट्विन ओटर विमान अक्टूबर के अंत तक बेड़े में शामिल होने वाला है। संजय मंडाविया ने बताया कि फ्लाईबिग ने हाल ही में सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ एक समझौता किया है। उन्होंने कहा कि डी हैविलैंड कनाडा ट्विन ओटर विमान द्वीपों में संचालन के लिए उपयुक्त हैं। इस प्रकार का विमान पानी और ज़मीन दोनों पर उतरने में सक्षम है और यह फ्लाईबिग को दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ने और द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगा। अगस्त में, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत सी–प्लेन संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए थे।

<><><><><><><><><><>

सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स, जो भारतीय उद्योग परिसंघ की रक्षा शाखा है, के अध्यक्ष राजिंदर सिंह भाटिया ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। उन्होंने उप राज्यपाल को देश में निर्मित किए जा रहे विभिन्न रक्षा उत्पादों के बारे में जानकारी दी, जिनमें विदेशों में निर्यात किए जा रहे उत्पाद भी शामिल हैं।

<><><><><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई है। परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक कदम है। पूजा समितियों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के लिए एक आंकलन योजना विकसित की गई है, जिसके अनुसार पूजा पंडालों में नीले और हरे रंग के कूड़ेदान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना,

भोजन वितरण के लिए प्लास्टिक और बटर पेपर का इस्तेमाल न करना, प्लास्टिक और कागज के गिलास की बजाय स्टील के गिलास का उपयोग करना, प्लास्टिक प्लेटों की जगह स्टील और केले के पत्तों से बनी प्लेटों का इस्तेमाल करने को कहा गया है। पंडालों में सजावट सामग्री को अलग से एकत्र करके पुनर्चक्रन के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक को सौंपना होगा। समारोह के दौरान खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। नगरपालिका परिषद के निरीक्षण दल द्वारा इन मानदंडों के आधार पर पूजा पंडालों का मूल्यांकन करने के लिए औचक निरीक्षण किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ दस पूजा पंडालों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस संबंध में भागीदारी और मूल्यांकन के लिए एस ओ पी परिषद की पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

देश भर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है। द्वीपसमूह में भी गणेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के क्षेत्रों में पूजा के लिए भव्य पंडाल बनाए गए हैं और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। लोग सुबह से ही पूजा–अर्चना में शामिल हो रहे हैं। शाम के समय पूजा–पंडालों में काफी चहल–पहल देखने को मिली। यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं और जगह–जगह पुलिस की भी तैनाती की गई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे चांद दिखाई देने के कारण मिलाद–उन–नबी सत्रह सितम्बर को मनाई जाएगी। अंडमान निकोबार हिलाल समिति ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है ।

<><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर शैक्षिक अंचल के विभिन्न विद्यालयों के स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए दिव्यांग छात्रों को उचित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों को विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करना था। ब्लॉक परियोजना कार्यालय के स्रोत अधिकारियों ने विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उप–शिक्षा अधिकारी सुलोचना द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस तरह की योजनाएं उन्हें स्कूल के अनुकूल समावेशी माहौल में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करती है। कार्यक्रम मे स्रोत अधिकारी एस. विजया ने बताया कि ऐसे बच्चों की शीघ्र पहचान के लिए डिगलीपुर में स्वास्थ्य मूल्यांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बावन स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने कल अपनी चालीसवीं वर्षगांठ मनाई। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, ग्रामीण विद्यालयों में ए आई और साइबर सुरक्षा मुद्दों पर प्रस्तुतियां, बिडनाबाद, कालीकट, छोलदारी पंचायत, टुसनाबाद और नमूनाघर पंचायत में जल

संसाधन की पहचान करने की पहल के अलावा मिलेट्स मेला, कपड़े के थैले का वितरण जैसी कई गतिविधियां चलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण **प्रतिदान** पहल थी, जिसके तहत संस्थान के कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों ने उप–राज्यपाल राहत कोष में दो लाख नब्बे हजार रूपये का योगदान दिया।

<><><><><><><><><><>

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैम्पबेल बे की ओर से कल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन किया गया। रैली स्कूल से आरंभ होकर ज़ीरो प्वाइंट मुख्य बाजार से होते हुए वापस स्कूल पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में एक सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से स्मार्ट द्वीपवासी पहचान पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मी नगर पंचायत के निवासियों से इस सबंध में जरूरी दस्तावेज जमा करने को कहा गया है। शास्त्री नगर और गांधी नगर में दस्तावेज जांच का कार्य जारी है।

<><><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कल अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने डिगलीपुर तहसील के मिलनग्राम गांव में यह अभियान चलाया। इसके अंतर्गत करीब आठ सौ वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण को हटाया गया। जिले के विभिन्न गांवो में भी इसी तरह का अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौदह दशमलव चार मिलीमीटर, कार निकोबार में नौ, लांग आइलैंड में सात दशमलव छः, ननकौड़ी में छः दशमलव दो, पोर्ट ब्लेयर में पांच और मायाबंदर में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। खराब मौसम और तेज हवाओं को देखते हुए मछुआरों से ग्यारह सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>